## अमर उजाला जनपद बरेली दिनांक 12.08.2025

### उर्स व स्वतंत्रता दिवस से पहले सड़क पर उतरे अफसर

बरेली। स्वतंत्रता दिवस, उर्स व त्योहारों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिहाज से सोमवार शाम एडीजी रमित शर्मा, डीएम अविनाश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य ने शहर के मिश्रित आबादी, संवेदनशील स्थानों तथा मुख्य बाजार आदि स्थानों पर पैदल गश्त की।

उर्स के लिहाज से इस्लामिया मैदान का भ्रमण कर क्षेत्र का ड्रोन से निरीक्षण किया गया। बिहारीपुर चौकी से मलूकपुर चौकी होते हुए श्री गंगा महारानी मंदिर तक रूट मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। फिर सिटी स्टेशन रोड से होते हुए चौपुला चौराहा तक गश्त की। ब्यूरो

## हिन्दुस्तान जनपद बरेली दिनांक 12.08.2025

### एडीजी ने की पैदल गश्त, ड्रोन से कराई निगरानी

**बरेली।** आगामी त्योहार को देखते हुए एडीजी रमित शर्मा की अगुवाई में पुलिस-प्रशासन के अफसरों ने शहर में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अफसरों ने इस्लामिया ग्राउंड के अलावा मिश्रित आबादी व बाजार में निरीक्षण कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। सोमवार शाम एडीजी जोन रमित शर्मा, डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने घुड़सवार पुलिस व स्थानीय पुलिस बल के साथ संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया। अधिकारियों ने कोतवाली व किला थाना क्षेत्र में उर्स के दृष्टिगत इस्लामिया ग्राउंड का निरीक्षण किया और आसपास के इलाकों की ड्रोन से निगरानी कराई। बिहारीपुर चौकी से मलूकपुर चौकी होते हुए श्री गंगा महारानी मंदिर तक रूट मार्च किया गया।

दैनिक जागरण जनपद बरेली दिनांक 12.08.2025

# त्योहारों को लेकर अधिकारियों ने की पैदल गश्त



पैदल गश्त करते अधिकारी • सौ पुलिस

जासं, बरेली : त्योहारों को लेकर संवेदनशील क्षेत्र में सोमवार शाम पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने पैदल गश्त की। लोगों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का एहसास दिलाया। इसके साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। सोमवार शाम एडीजी रमित शर्मा, डीएम अविनाश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य फोर्स के साथ सबसे पहले कोतवाली के इस्लामिया ग्राउंड और उसके आसपास क्षेत्रों में पैदल गश्त के साथ ही ड्रोन उड़ाकर भी निगरानी की। सभी अधिकारी किला थाना क्षेत्र के मलूकपुर चौकी क्षेत्र होते हुए गंगा महारानी मंदिर तक रूट का पैदल गश्त कर निरीक्षण किया और वहां से सिटी स्टेशन होते हुए गश्त का समापन किया। बता दें कि 16 अगस्त से लेकर 20 अगस्त तक जन्माष्टमी चेहल्लुम उर्स और गंगा महारानी यात्रा है। पैदल गश्त के दौरान एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी ट्रैफिक अकमल खान, सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री सीओ सेकंड सोनाली मिश्रा, सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार जनपद बरेली दिनांक 12.08.2025



स्वतंत्रता दिवस और आगामी त्योहारों के मद्देनजर पैदल गश्त करते पुलिस और प्रशासन के अधिकारी। ● अमृत विचार

# स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर की पैदल गश्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● मिश्रित आबादी और संवेदनशील स्थलों पर लिया जायजा

**अमृत विचार :** स्वतंत्रता दिवस व आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस और प्रशासनिक अफसरों ने सोमवार को शहर की मिश्रित आबादी, संवेदनशील स्थानों और मुख्य बाजारों में पैदल गश्त किया। आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया। सोमवार को एडीजी रमित शर्मा, डीएम अविनाश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य ने घुड़सवार पुलिस व स्थानीय फोर्स के साथ थाना कोतवाली, किला क्षेत्रांतर्गत उर्स के दृष्टिगत इस्लामिया ग्राउंड का भ्रमण कर आसपास के क्षेत्रों का ड्रोन के माध्यम से निरीक्षण किया। उसके बाद बिहारीपुर चौकी से मलूकपुर चौकी होते हुए श्री गंगा महारानी मन्दिर तक रूट-फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रमुख बाजारों, चौराहों, मिश्रित आबादी वाले व अन्य संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी ट्रैफिक अकमल खान, सिटी मजिस्ट्रेट अंलकार अग्निहोत्री, सहायक पुलिस अधीक्षक-क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय सोनाली मिश्रा और सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव मौजूद रहे। वहीं, अफसरों ने बारादरी थाना परिसर में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक की।

# I-Next जनपद बरेली दिनांक 12.08.2025

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



## फ्लैग मार्च

स्वतंत्रता दिवस व आगामी त्योहारों को लेकर एडीजी रमित शर्मा, डीएम अविनाश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी मानुष पारिक, एसपी ट्रैफिक अकमल खान, सीओ पंकज श्रीवास्तव व अन्य अफसरों ने दरगाह रोड और कुतुबखाना एरिया में फ्लैग मार्च किया. इस दौरान लोगों को पुलिस ने बिहारीपुर, इस्लामिया ग्राउंड, गंगा महारानी मंदिर होते हुए भी मार्च निकाला. इसमें दरगाह से परवेज नूरी, साजिद नूरी और जावेद आदि रहे.

# आसामां तक जनपद बरेली दिनांक 12.08.2025

## स्वतंत्रता दिवस व त्योहारों से पहले बरेली में फ्लैग मार्च, ड्रोन से सुरक्षा निरीक्षण

आसमां तक ब्यूरो

### संवेदनशील इलाकों और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त, लोगों से शांति बनाए रखने की अपील

**बरेली।** आगामी स्वतंत्रता दिवस, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, चैहल्लुम, 18 से 20 अगस्त तक उर्स, श्री गंगा महारानी जुलूस सहित अन्य त्योहारों के दृष्टिगत शहर में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन ने सोमवार को संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च किया। अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन श्री रमित शर्मा, जिलाधिकारी श्री अविनाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग आर्य ने थाना कोतवाली और थाना किला क्षेत्र के इस्लामिया ग्राउंड का उर्स के दृष्टिगत निरीक्षण किया। सुरक्षा



व्यवस्था को और पुख्ता करने के लिए आसपास के क्षेत्रों का ड्रोन से सर्वे किया गया। इसके बाद बिहारीपुर चौकी से मलूकपुर चौकी होते हुए श्री गंगा महारानी मंदिर तक तथा सिटी स्टेशन रोड से चौपला चौराहे तक रूट और फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान प्रमुख बाजारों, चौराहों, मिश्रित आबादी वाले मोहल्लों और अन्य संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया गया। अधिकारियों ने आमजन से संवाद कर शासन की गाइडलाइन की जानकारी दी और आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की। फ्लैग मार्च में पुलिस अधीक्षक नगर श्री मानुष पारीक, पुलिस अधीक्षक यातायात श्री अकमल खान, सिटी मजिस्ट्रेट श्री अलंकार अग्निहोत्री, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय सुश्री सोनाली मिश्रा, क्षेत्राधिकारी नगर तृतीय श्री पंकज श्रीवास्तव, संबंधित थाना प्रभारी, घुड़सवार पुलिस और पुलिस फोर्स मौजूद रहे।

# एडीजी रमित शर्मा का सुरक्षा संदेश, फ्लैग मार्च से बढ़ा भरोसा

## त्योहारों से पहले पुलिस-प्रशासन का संयुक्त फ्लैग मार्च, ड्रोन निगरानी और पैदल गश्त से संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा का अहसास

- ड्रोन निगरानी ड्ढ इस्लामिया ग्राउंड व आसपास का एरियल निरीक्षण
- घुड़सवार पुलिस ड्ढ भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा का प्रदर्शन

**जन माध्यम ब्यूरो**



**बरेली।** स्वतंत्रता दिवस और आगामी त्योहारों की तैयारियों के बीच, जोन के अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि सजग नेतृत्व, प्रभावी प्रबंधन और जनता से सीधा संवाद ही किसी भी शहर में शांति और सौहार्द बनाए रखने की कुंजी है।बरेली की मिश्रित आबादी, संवेदनशील इलाकों और प्रमुख बाजारों में पुलिस और प्रशासन का संयुक्त फ्लैग मार्च न सिर्फ सुरक्षा का भरोसा दिलाने वाला रहा, बल्कि इसने आमजन के बीच आपसी भाईचारा और शांति बनाए रखने का सशक्त संदेश भी दिया। एडीजी रमित शर्मा ने जिलाधिकारी अविनाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के साथ शहर के प्रमुख और संवेदनशील क्षेत्रों का विस्तृत दौरा किया। आगामी स्वतंत्रता दिवस, श्री कृष्ण जन्माष्टमी, चेहल्लुम, 18 से 20 अगस्त तक उर्स और श्री गंगा महारानी जुलूस जैसे बड़े आयोजनों को देखते हुए सुरक्षा प्रबंधों का बारीकी से निरीक्षण किया गया।

विशेष रूप से थाना कोतवाली और थाना किला क्षेत्र के इस्लामिया ग्राउंड और आसपास के क्षेत्रों की ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। यह पहल दर्शाती है कि रमित शर्मा न केवल पारंपरिक पुलिसिंग पर भरोसा करते हैं, बल्कि आधुनिक तकनीक का उपयोग कर सुरक्षा व्यवस्था को और भी मजबूत बनाते हैं। निरीक्षण के बाद बिहारीपुर चौकी से मलूकपुर चौकी होते हुए श्री गंगा महारानी मंदिर और फिर सिटी स्टेशन रोड से चौपला चौराहा तक भव्य फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान घुड़सवार पुलिस और स्थानीय पुलिस बल की उपस्थिति ने न केवल सुरक्षा का माहौल सशक्त किया, बल्कि लोगों के मन में पुलिस की सक्रियता और तत्परता का भरोसा भी गहरा किया। फ्लैग मार्च में प्रमुख बाजारों, मिश्रित आबादी वाले इलाकों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर पैदल भ्रमण भी किया गया। रमित शर्मा और उनकी टीम ने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी इलाका सुरक्षा कवच से बाहर न रहे।

इस दौरान आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें शासन द्वारा जारी गाइडलाइनों से अवगत कराया गया और त्योहारों में आपसी भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की गई।फ्लैग मार्च और निरीक्षण के दौरान कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें–

मानुष पारीक,पुलिस अधीक्षक नगर, अकमल खानड्ढपुलिस अधीक्षक यातायात, अंलकार अग्निहोत्रीड्ढसिटी मजिस्ट्रेट, सोनाली मिश्रा क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय, पंकज श्रीवास्तवड्ढक्षेत्राधिकारी नगर तृतीय, इसके अलावा संबंधित थाना प्रभारी, घुड़सवार पुलिस और अन्य पुलिस बल भी शामिल रहे।

## दैनिक भास्कर जनपद बरेली दिनांक 12.08.2025

# एडीजी रमित शर्मा का सुरक्षा संदेश, फ्लैग मार्च से बढ़ा भरोसा

### त्योहारों से पहले पुलिस-प्रशासन का संयुक्त फ्लैग मार्च, ड्रोन निगरानी और पैदल गश्त से संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा का अहसास

- ड्रोन निगरानी ङ्क इस्लामिया ग्राउंड व आसपास का एरियल निरीक्षण
- घुड़सवार पुलिस ङ्क भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा का प्रदर्शन

**जन माध्यम ब्यूरो**



**बरेली।** स्वतंत्रता दिवस और आगामी त्योहारों की तैयारियों के बीच, जोन के अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि सजग नेतृत्व, प्रभावी प्रबंधन और जनता से सीधा संवाद ही किसी भी शहर में शांति और सौहार्द बनाए रखने की कुंजी है।बरेली की मिश्रित आबादी, संवेदनशील इलाकों और प्रमुख बाजारों में पुलिस और प्रशासन का संयुक्त फ्लैग मार्च न सिर्फ सुरक्षा का भरोसा दिलाने वाला रहा, बल्कि इसने आमजन के बीच आपसी भाईचारा और शांति बनाए रखने का सशक्त संदेश भी दिया। एडीजी रमित शर्मा ने जिलाधिकारी अविनाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के साथ शहर के प्रमुख और संवेदनशील क्षेत्रों का विस्तृत दौरा किया। आगामी स्वतंत्रता दिवस, श्री कृष्ण जन्माष्टमी, चेहल्लुम, 18 से 20 अगस्त तक उर्स और श्री गंगा महारानी जुलूस जैसे बड़े आयोजनों को देखते हुए सुरक्षा प्रबंधों का बारीकी से निरीक्षण किया गया।

विशेष रूप से थाना कोतवाली और थाना किला क्षेत्र के इस्लामिया ग्राउंड और आसपास के क्षेत्रों की ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। यह पहल दर्शाती है कि रमित शर्मा न केवल पारंपरिक पुलिसिंग पर भरोसा करते हैं, बल्कि आधुनिक तकनीक का उपयोग कर सुरक्षा व्यवस्था को और भी मजबूत बनाते हैं। निरीक्षण के बाद बिहारीपुर चौकी से मलूकपुर चौकी होते हुए श्री गंगा महारानी मंदिर और फिर सिटी स्टेशन रोड से चौपला चौराहा तक भव्य फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान घुड़सवार पुलिस और स्थानीय पुलिस बल की उपस्थिति ने न केवल सुरक्षा का माहौल सशक्त किया, बल्कि लोगों के मन में पुलिस की सक्रियता और तत्परता का भरोसा भी गहरा किया। फ्लैग मार्च में प्रमुख बाजारों, मिश्रित आबादी वाले इलाकों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर पैदल भ्रमण भी किया गया। रमित शर्मा और उनकी टीम ने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी इलाका सुरक्षा कवच से बाहर न रहे।

इस दौरान आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें शासन द्वारा जारी गाइडलाइनों से अवगत कराया गया और त्योहारों में आपसी भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की गई।फ्लैग मार्च और निरीक्षण के दौरान कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें–

मानुष पारीक,पुलिस अधीक्षक नगर, अकमल खानङ्कपुलिस अधीक्षक यातायात, अंलकार अग्निहोत्रीङ्कसिटी मजिस्ट्रेट, सोनाली मिश्रा क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय, पंकज श्रीवास्तवङ्कक्षेत्राधिकारी नगर तृतीय, इसके अलावा संबंधित थाना प्रभारी, घुड़सवार पुलिस और अन्य पुलिस बल भी शामिल रहे।

---

## वतन की धारा जनपद बरेली दिनांक 12.08.2025

# त्योहारों से पहले बरेली में फ्लैग मार्च
# अफ़सरों ने क़ानून व्यवस्था का लिया जायज़ा

### उर्स-ए-रज़वी को देखते हुए भी सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं

**वतन की धारा, संवाददाता**

**बरेली।** फतेहपुर मकबरा विवाद के बाद जिले में आगामी त्योहारों जैसे चेहल्लुम, जन्म आष्टमी, स्वतंत्रता दिवस और गंगा महारानी शोभा यात्रा को शांति पूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

सोमवार को एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा, डीएम अविनाश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी मानुष पारीक, सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, सीओ पंकज श्रीवास्तव और इंस्पेक्टर स्तर के अफसर भारी



पुलिस बल के साथ सड़कों पर उतरे और संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया। बिहारीपुर चौकी से शुरू हुए इस फ्लैग मार्च में अधिकारियों ने भीड़ भाड़ और संवेदनशील क्षेत्रों में पहुंचकर स्थानीय लोगों से बात चीत की तथा शांति बनाए रखने की अपील की। एडीजी रमित शर्मा ने जोन के सभी पुलिस प्रमुखों को निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान पूरी रणनीति बनाकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें।

गौरतलब है कि बरेली को हमेशा से त्योहारों के समय संवेदनशील माना जाता है। इस बार 18 अगस्त से शुरू हो रहे आला हजरत के उर्स-ए-रज़वी को देखते हुए भी सुरक्षा के विशेष इंतज़ाम किए जा रहे हैं। प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि कानून-व्यवस्था से किसी भी तरह का समझौता नहीं होगा और हर त्योहार सकुशल संपन्न कराया जाएगा।

# युवा हस्ताक्षर जनपद बरेली दिनांक 12.08.2025

## स्वतंत्रता दिवस व त्योहारों से पहले बरेली में फ्लैग मार्च, ड्रोन से सुरक्षा निरीक्षण

युवा हस्ताक्षर रिपोर्टर

### संवेदनशील इलाकों और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त, लोगों से शांति बनाए रखने की अपील



**बरेली।** आगामी स्वतंत्रता दिवस, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, चैहल्लुम, 18 से 20 अगस्त तक उर्स, श्री गंगा महारानी जुलूस सहित अन्य त्योहारों के दृष्टिगत शहर में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन ने सोमवार को संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च किया। अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन श्री रमित शर्मा, जिलाधिकारी श्री अविनाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग आर्य ने थाना कोतवाली और थाना किला क्षेत्र के इस्लामिया ग्राउंड का उर्स के दृष्टिगत निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करने के लिए आसपास के क्षेत्रों का ड्रोन से सर्वे किया गया। इसके बाद बिहारीपुर चौकी से मलूकपुर चौकी होते हुए श्री गंगा महारानी मंदिर तक तथा सिटी स्टेशन रोड से चौपला चौराहे तक रूट और फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान प्रमुख बाजारों, चौराहों, मिश्रित आबादी वाले मोहल्लों और अन्य संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया गया। अधिकारियों ने आमजन से संवाद कर शासन की गाइडलाइन की जानकारी दी और आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की। फ्लैग मार्च में पुलिस अधीक्षक नगर श्री मानुष पारीक, पुलिस अधीक्षक यातायात श्री अकमल खान, सिटी मजिस्ट्रेट श्री अलंकार अग्निहोत्री, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय सुश्री सोनाली मिश्रा, क्षेत्राधिकारी नगर तृतीय श्री पंकज श्रीवास्तव, संबंधित थाना प्रभारी, घुड़सवार पुलिस और पुलिस फोर्स मौजूद रहे।